हरिभूमि
# विराट भूमि
[ शहडोल | बुढ़ार | धनपुरी | ब्यौहारी | जयसिंहनगर | बाणसागर ]
जबलपुर, सोमवार 2 जून 2025
login : www.haribhoomi.com


**खबर संक्षेप**

### जल की एक-एक बूंद बचाने का दिया जा रहा संदेश

**शहडोल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से प्रारंभ किया है, जो कि 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। जिले में आगामी तीन माह तक जल गंगा संवर्धन अभियान सतत रूप से चल रहा है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर नये तालाब बनाये जा रहे, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावडियों और कुँओं का जीर्णोद्धार भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत पोड़ी, नवागांव, हर्री में नवीन खेत तालाब का कार्य किया गया था जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया।

### जिले भर में आयोजित किए जा रहे कृषि शिविर

**शहडोल।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत 02 जून 2025 को सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम मिठौरी, सिगुडी, तथा अमरहा में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम उमरिया बारकोड़ा तथा पोंडी में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में मंजीरा, धनौरा तथा जामगांव में में कृषि शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का किया गया आयोजन



**शहडोल।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जिले में कृषि विभाग तथा सहयोगी विभागों कृषि विज्ञान केन्द्र, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी तथा मत्स्यपालन विभाग के अमले द्वारा बुढ़ार, सोहागपुर तथा गोहपारू जनपद पंचायतों के तीन-तीन ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन किया गया। सोहागपुर जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अल्पना शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम जोधपुर, सिंहपुर तथा बोडरी में गोहपारू जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम सेमरा, सरीहट तथा पलसऊ में जनपद पंचायत बुढ़ार में कृषि वैज्ञानिक डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में केशवाही, कुम्हारी तथा कुड्डी में शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई तथा खेती की उन्नत तकनीक, फसलों के आधुनिक और उन्नत बीज, कृषि में किए जा रहे नवाचार, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण के संबंध में भी किसानों को जानकारी दी गई।

### 3 जून को अनुश्रवण समिति की संभाग स्तरीय बैठक

**शहडोल।** संभागीय उपायुक्त जनजाति कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति विकास श्रीमती ऊषा सिंह ने जानकारी दी है कि मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत संभाग स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कमिश्नर शहडोल संभाग की अध्यक्षता में 3 जून 2025 को दोपहर 03 बजे कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत किए गए कार्यों की 1 जनवरी 2024 से 27 मई 2025 तक की अवधि की समीक्षा की जाएगी।

# शिकायत के बावजूद खुले में बिक रहा मांस

## वोट बैंक की राजनीति के चलते शासन के आदेश शिथिल

**खुलेआम मांस की बिक्री की जा रही है, इससे गंदगी फैलने के साथ ही पर्यावरण प्रदूषण व लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। शासन के आदेश के बाद भी दुकानदारों द्वारा धड़ल्ले से मांस की बिक्री खुलेआम की जा रही है, भाजपा शासन काल में भाजपा की परिषद में वोट बैंक की खातिर मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए आदेश का पालन नहीं हो पा रहा है।**

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।

बीते वर्षो में सरकार द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि खुले स्थानों पर मांस की दुकानों का संचालन नहीं होना चाहिए, तत्समय प्रशासनिक अधिकारियों ने तहसील मुख्यालय क्षेत्र में खुले में मांस, मछली विक्रेताओं को सूचित कर नियमों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए थे, लेकिन बुढ़ार नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 04 में बस स्टैण्ड के ठीक सामने, सिंधी धर्मशाला के पीछे रिहायसी बस्ती में जहां से बच्चों एवं महिलाओं की आवाजाही है, वहां खुलेआम मांस बिक्री हो रही है, उक्त मामले की शिकायत सीएम हेल्प लाईन सहित अन्य माध्यमों से की गई, लेकिन नगर परिषद द्वारा वोट बैंक की राजनीति के फेर में निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। खुलेआम मांस विक्रेता द्वारा बिक्री की जा रही है। ऐसे में इस रास्ते के आवागमन करने वालों राहगीरों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी मांस की दुकान पर आदेशों का पालन नहीं करवा पा रहे हैं।



### पुराने ढर्रे पर दुकानदार

बुढ़ार तहसील मुख्यालय पर संचालित मीट मांस की दुकानों का भ्रमण कर दुकानदारों को चेतावनी देने के साथ ही समझाइश देकर खुले में बिक्री न करने के आदेश दिए थे, लेकिन तत्समय दुकानदारों ने दुकानों के आगे जालियां लगाकर आड़ कर ली थी, लेकिन जैसे जैस आदेश पुराना होते गया फिर वहीं पुराने ढर्रे पर आ गए। दुकानदार पुनः खुले में अवैध रूप से मांस-मछली की बिक्री करते दिखाई दे रहे हैं एवं अपशिष्ठ को खुले में फेंक रहे हैं, मांस के दुकानदार द्वारा खुले में दुकान संचालित करने के आदेश का उलंघन तो कर रहे है, साथ ही बचे हुए अपशिष्ठ का नष्टीकरण भी नहीं किया जा रहा है। दुकानदार द्वारा मांस के बचे हिस्सों को नाले-नाली व खाली प्लाटों में फेंका जा रहा है, जिससे आवारा कुत्ते खाकर हिंसक होते जा रहे है, जो लोगों को काट कर घायल कर रहे है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदार पर कार्रवाई नहीं कर पा रहे है।

### खुलेमाम सज रहे हैं मीट बाजार

बुढ़ार नगर परिषद में कई स्थानों पर खुले में दुकान खोलकर वहीं ग्राहकों को बिरयानी परोसी जा रही है, मुख्य रोड होने की वजह से हर रोज प्रशासन की गाड़ियां वहां से गुजरती हैं, क्या उसमे बैठे अधिकारियों को यह नही दिखता है। खुले में मांस-मछली की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जिसे खाकर आम लोग बीमार हो रहे हैं। यह संक्रमण बरसात के दिनों में नीचे रखकर बिकने वाले मांस मछली में अधिक होता है। मिट्टी एवं धूल कणों के संपर्क में आकर यह अधिक संक्रमित होते हैं। खरीदार महंगे दाम पर रोग को अपने घर ले जाते हैं। वार्ड नंबर 04 में आते-जाते बच्चों के बाल मन प्रभावित होते हैं। यह समस्या बीते कई माहों से चली आ रही है।

### अध्यक्ष से न्याय की गुहार

मांस बेचने के लिए दुकानदार को खाद्य सुरक्षा विभाग के साथ ही नगर परिषद से लाइसेंस लेना होता है, लेकिन नगर परिषद बुढ़ार के वार्ड नंबर 04 में संचालित दुकानदार ने लाइसेंस नहीं लिया है। यहां न तो सफाई का ध्यान रखा जाता है और न ही मांस को ढककर रखा जाता है। भीषण गर्मी में दुकानदार खुले में मांस बेच रहा हैं, जो कि बड़े पैमाने पर संक्रामक रोगों को निमंत्रण देता है। नगर परिषद ने शिकायत के बावजूद नोटिस तक जारी नहीं कर पा रहा है कि वे जल्द से जल्द लाइसेंस प्राप्त करें और अपनी दुकानों पर सफाई का ध्यान रखें। कुल मिलाकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार में भाजपा की नगर परिषद में उनके ही आदेश को वोट बैंक की राजनीति के चलते ठेंगा दिखाया जा रहा है। स्थानीय वार्डवासियों ने नगर परिषद की अध्यक्ष से मांग की है कि वह स्वयं इस मामले में संज्ञान लेकर नगर वासियों के साथ न्याय करें।

## जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जन भागीदारी से किया जा रहा कार्य



**शहडोल।** पानी आप बचाओ, पानी आपको बचाएगा सरकार और समाज दोनों को मिलकर जल के महत्व को समझना चाहिए और इसे बचाने के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए। जल जीवन का अभिन्न अंग है, और इसके बिना न तो कृषि संभव है, न ही उद्योग, और न ही हमारी दैनिक आवश्यकताएँ पूरी हो सकती हैं। अतः जल का संरक्षण करना हम सभी का कर्तव्य है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो एवं नगरीय निकायों में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं।

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में विकासखंड सोहागपुर में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बंडी खुर्द में नर्गड़ा नदी में बोरी बंधान का कार्य किया गया।

बोरी बंधान कार्य में जनपद पंचायत सोहागपुर सीईओ मुद्रिका सिंह, विकासखंड समन्वयक श्रीमती प्रिया सिंह बघेल, ग्राम पंचायत सरपंच, फील्ड ऑफिसर जितेंद्र सिंह बघेल, सचिव उमेश जायसवाल, रोजगार सहायक, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष अजीत जायसवाल, केशकली जायसवाल, सचिव लोकेश जायसवाल, नवाकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक मैंना साहू, एमएसडब्ल्यू के छात्र भोला साहू एवं ग्रामवासियों ने उत्साह पूर्वक श्रमदान किया तथा जल संरक्षण का संदेश दिया।

# खेतों को पाटकर भू-माफिया अब कर रहा प्लाटिंग

## बिना नियम नगरीय क्षेत्र में बन रही कॉलोनी, प्रशासन जानकर भी अंजान

शहडोल।





जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में तालाब की मेढ़ सहित कृषि भूमि को पाट कर भू माफिया प्लाटिंग कर रहा है, नगरीय क्षेत्र में नगरिया मंदिर के पीछे बने तालाब के बगल के खेतों को पाट समतल कर वहां प्लाटिंग की जा रही है। भू माफिया राजस्व अमले से सांठगांठ कर अवैध प्लाटिंग कर कालोनी का निर्माण करा रहा हैं। स्थानीय प्रशासन को गलत जानकारी देकर भू-माफिया मनमानी पर उतारू है। नगर के बीच वार्ड क्रमांक-12 नगरिया मंदिर के पीछे तालाब की मेंढ़ सहित खेतों को पाटकर प्लाटिंग की शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची एसडीएम सौम्या आनंद ने तत्काल मौके पर काम बंद करने के सख्त निर्देश दिए थे, जिसके बाद ट्रैक्टरों से की जा रही पटाई का काम रोक दिया गया था, लेकिन चोरी छुपे पटाई का काम चलता रहा और अब समतलीकरण की गई उक्त भूमि पर प्लाटिंग के लिए चूना डालकर प्लाट काटे जा रहे हैं।

### नहीं पहुंचे पटवारी-तहसीलदार

नगर के बीच वार्ड क्रमांक 12 में बनी प्राचीन नगरिया मंदिर के पीछे स्थित नर्मदा तालाब के बगल के खेतों और तालाब को किनारे से पाटते हुए भूमाफिया वहां प्लाटिंग की तैयारी में लगा हुआ है। लोगों की मानें तो किसी स्थानीय रिटायर राजस्व अधिकारी के पट्टे का दो एकड़ का खेत खरीद कर वहां बगल में बनें प्राचीन नर्मदा तालाब के किनारे का कुछ भाग पाटकर वहां प्लाटिंग के लिए चूना डाला जा रहा है। इस बात की सूचना भी स्थानीय लोगों ने तहसीलदार व पटवारी को दी, लेकिन मौक़े में कोई नहीं पहुंचा।

### भाजपा नेता के शामिल होने की चर्चा

चर्चाओं की मानें तो इस काम को रीवा का कोई राजू अपने स्वजातीय भाजपा नेता के साथ मिलकर कृषि योग्य भूमियों को एकड़ में खरीद कर उसके आस-पास की सरकारी नजूल व सार्वजनिक निस्तारण की भूमियों को भी शामिल कर छोटे-छोटे प्लाट बना, कालोनी का निर्माण करा रहे हैं। इस काम में यहां के एक स्थानीय भाजपा नेता के शामिल होने से प्रशासनिक अमला कुछ करने से कतराता है। जिससे यहां रेलवे रोड में सिंचाई विभाग के पीछे वार्ड क्रमांक 09 में तथा रीवा रोड में ताम्रकार पेट्रोल पंप के पास बार्ड क्रमांक 01 कंजरान में और अब नगरिया मंदिर के पीछे अवैध प्लाटिंग शुरु है। प्रबुद्ध वर्ग ने प्राचीन नर्मदा तालाब को बचाने प्रशासन से गुहार लगाई है।

### इनका कहना है...

सूचना मिली थी, मैं मौके में गई थी। भू-स्वामी ने अपना खेत बनाने की बात बताई थी। यदि आपके पास कोई साक्ष्य है। तो बताएं, यहां नियम विरुद्ध कोई काम नहीं होगा।

**सौम्या आनंद**
**एसडीएम, ब्यौहारी**

# रोटरी क्लब शहडोल द्वारा आयोजित किया गया योग एवं ध्यान कार्यक्रम



शहडोल।

रोटरी क्लब शहडोल द्वारा 01 जून रविवार को रोटेरियन डॉ.अनिल उपाध्याय के निजी निवास में एक विशेष योग एवं ध्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग और ध्यान के महत्व के बारे में जागरूक करना और उन्हें अपने जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष रोटे संजय कुमार शर्मा ने बड़ी संख्या में परिवार सहित उपस्थित सभी रोटेरियन सदस्यों एवं अन्य का स्वागत किया तथा अपने संबोधन में योग और ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि यह हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक तो है ही, साथ ही योग का हमारे जीवन में सकारात्मक प्रभाव से तनाव कम कर एकाग्रता बढ़ाने और आंतरिक ऊर्जा बढ़ा कर परिवर्तन भी ला सकते हैं। रोटरी क्लब का उद्देश्य समुदाय में स्वास्थ और कल्याण को बढ़ावा देना है और यह कार्यक्रम उसी दिशा में एक कदम है ।

कार्यक्रम में योग एवं ध्यान विशेषज्ञ रोटे डॉ. अनिल उपाध्याय तथा डॉ.अपर्णा उपाध्याय के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण आयोजन के साथ-साथ योग और ध्यान के विभिन्न आसनों और तकनीकों और ध्यान मुद्राओ का अभ्यास भी कराया, उन्होंने बताया कि कैसे योग और ध्यान हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और योग और ध्यान के महत्व को समझा। रोटरी क्लब शहडोल के अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया और कहा कि यह कार्यक्रम लोगों के लिए बहुत ही लाभदायक साबित होगा।सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया के भाव के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया । कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रोटे राजेश गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव, प्रकाश गुप्ता, रोटे के.के.गुप्ता, डॉ . आर.डी.दुबे, डॉ.अभिषेक गर्ग, रविशंकर पाठक, राजेश कटारे, संदीप मंत्री, विनोद प्रधान, अमित गुप्ता, अभिषेक, डॉ.दीपक कुशवाहा, श्रीमती अर्चना शर्मा, श्रीमती अनुपमा गुप्ता, श्रीमती सुनीता गुप्ता, डॉ.प्रीति गर्ग आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे । रोटरी क्लब शहडोल के कोषाध्यक्ष डॉ दीपक ने सभी का धन्यवाद किया।

### कंकाली मंदिर में मनाई गई लोक माता अहिल्या बाई की जयंती

**शहडोल।** सेवा धर्म निष्ठा, न्यायप्रियता और लोक कल्याण कि प्रतीक लोक माता अहिल्या बाई की 300वीं जयंती जिले के कंकाली माता मंदिर ग्राम अंतरा के प्रांगण में मनाई गई। सुशासन, महिला सशक्तिकरण एवं सनातन संस्कृति के प्रति समर्पित लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा दिए गए सुशासन के आदर्शों को इस अवसर पर याद किया गया। देवी अहिल्या बाई ने प्रभु सेवा और जन सेवा को अलग नहीं माना उन्होनें 300 वर्ष पहले राज्य की समृद्धि को दिशा दी तथा गरीबों को सामर्थवान बनाया। देवी अहिल्या बाई ने संस्कृति को संरक्षण दिया। अनेकों तीर्थों का जीर्णोद्धार किया। प्रशासन का उत्तम मॉडल दिया। कुटीर उद्योग,हस्तकला तथा कृषि आधारित स्वरोजगार के अवसर देकर लोगों को रोजगार से जोड़ा। जल संरक्षण के लिए कुएं, तालाब, बावड़ी नहरों का निर्माण कराया। जिससे उनके राज्य में कृषि क्षेत्र में समृद्धता बढ़ी।

पुण्यतिथि



शहडोल संभाग के विकास पुरुष, प्रेरणास्त्रोत, पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. दलबीर सिंह जी की पुण्य तिथि पर अश्रुपुरित श्रद्धांजलि.....

कार्यक्रम
सुबह 10 बजे से, शाम 6 बजे तक
निज निवास, राजेंद्रग्राम,जिला अनूपपुर

शोकाकुल परिवार
श्रीमती हिमाद्री सिंह (पुत्री) रुद्र प्रताप सिंह (पुत्र) एवं समस्त परिवार

निवेदक



पंडित रवीकरण त्रिपाठी
(प्रदेश उपाध्यक्ष)
नगरीय निकाय कर्मचारी संघ
एवं भाजपा कार्यकर्ता शहडोल संभाग

### उचित मूल्य दुकानों से खाद्यान्न प्राप्त करने के लिए ई-केवायसी अनिवार्य

**शहडोल।** जिला आपूर्ति नियंत्रक विपिन पटेल ने जानकारी दी है कि जिले में 226170 परिवार एवं 832374 सदस्यों को वर्तमान में निःशुल्क खाद्यान वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार सभी हितग्राहियों की ई-केवायसी कराना अनिवार्य है, जिसके लिए निरन्तर जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों के विक्रेताओं द्वारा कैम्प लगाकर एवं घर-घर जाकर ई-केवायसी का कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 741974 हितग्राहियों की ई-केवायसी पीओएसी मशीन एवं मेरा ई-केवायसी ऐप्प से की जा चुकी है। जिले में अभी भी 90400 हितग्राहियों की ई-केवायसी शेष है। जिन हितग्राहियों की ई-केवायसी नहीं हो पायेगी उन्हे आगामी माह से खाद्यान्न प्राप्त नहीं होगा। आपने बताया है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत हितग्राहियों को उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से एनएफएसए का खाद्यान्न निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### कानून व्यवस्था बनाये रखने नोडल अधिकारी नियुक्त

उमरिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 4 जून को नगर पालिका पाली में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम में कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए रीता डेहरिया संयुक्त कलेक्टर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभय सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश निरस्त

उमरिया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का 4 जून को नगर पालिका पाली में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने समस्त जिला अधिकारियों, विभाग प्रमुखों के अवकाश को निरस्त कर दिया है। उन्होने कहा है कि सभी जिला अधिकारी 4 जून को कार्यक्रम में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### जिला वन अधिकार समिति की बैठक आज

उमरिया 1 जून। जिला वन अधिकार समिति की बैठक 2 जून को कलेक्टर सभागार में दोपहर 2 बजे से आहूत की गई है। बैठक में सर्व संबंधित अधिकारियों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान रथ ग्राम पंचायतों का करेगा भ्रमण

उमरिया। उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जन जागरूकता रथ 2 जून पाली विकासखंड की ग्राम पंचायत चौरी, बरदढार, कठई, करकेली विकासखंड की ग्राम पंचायत महुरी, कौडिया, सिलौड़ी तथा मानपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत कोटरी, खलौंध तथा मझोखर का भ्रमण करेगा एवं किसानों को खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी देगा।

### 13 जून को जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

उमरिया। जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक ने बताया कि जिला सलाहकार समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 13 जून को कलेक्ट्रेट सभागार में सायं 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में सर्व संबंधितों से उपस्थिति की अपेक्षा की गई है।

### पी. सी. भट्ट ने डाइट प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया

उमरिया। डाइट उमरिया में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत पी. सी. भट्ट ने औपचारिक रूप से डाइट प्राचार्य का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डाइट में चल रहे लीडरशिप आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा एक अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान डाइट प्रवक्ता सुशील मिश्रा ने श्री भट्ट के अब तक के सेवाकाल पर प्रकाश डालते हुए उनके नेतृत्व कौशल की सराहना की एवं उन्हें नव प्राचार्य नियुक्त होने पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि श्री भट्ट एक प्रतिबद्ध और कर्मठ शिक्षक रहे हैं, और उनके नेतृत्व में संस्था को नई ऊँचाइयाँ प्राप्त होंगी। डाइट प्रवक्ता डॉ. ब्रजेश शर्मा ने भी श्री भट्ट को डाइट प्राचार्य नियुक्त होने पर बधाई दी।

### ग्रीष्मकालीन खेल शिविर का हुआ समापन



कोतमा। खेलेगा कोतमा, आगे बढ़ेगा कोतमा के संदेश के साथ एक माह तक चले ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का समापन शनिवार को किया गया। समापन समारोह में अरविंद राय क्षेत्रीय पर्सनल ऑफिसर, बीएन ओझा, राजेंद्र गुप्ता, संजय सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। लहसूई कैंप गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरकी शुरुआत 1 मई को हुई जिसे 31 मई तक चलाया गया। शिविर में कोतमा नगर एवं आस-पास क्षेत्र के सैकड़ों युवाओं ने विभिन्न खेल विधाओं में भाग लिया। शिविर का आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग अनूपपुर, एथलीट विकास संघ, जिला कबड्डी संघ, तथा क्षेत्रीय खेल प्रेमियों के सहयोग से किया गया। मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को खेल से जोड़ना और उनकी प्रतिभा को निखारने के साथ उनको आगे बढ़ाने का लक्ष्य रहा। समापन के दौरान भी विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियो द्वारा पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अरविंद राय ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल केवल शारीरिक विकास का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और आत्मविश्वास भी बढ़ाता है। कोतमा क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, बस आवश्यकता है उन्हें उचित मंच और मार्गदर्शन देने की।

## पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री स्व. दलबीर सिंह की पुण्य तिथि आज

# राजेन्द्रग्राम में कार्यकर्ता आज देंगे विनम्र श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज, शहडोल।



लोकसभा क्षेत्र शहडोल की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह के पिता स्वर्गीय दलबीर सिंह के पुण्य तिथि पर आज उनके निज निवास राजेन्द्रग्राम में पूजन, भजन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। श्री सिंह की पुण्य तिथि पर शहडोल, उमरिया, और अनूपपुर जिले से कार्यकर्ता उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देने आज उपस्थिति होंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष नगरीय निकाय कर्मचारी संघ एवं भाजपा कार्यकर्ता पंडित रविकरण त्रिपाठी ने बताया कि स्वर्गीय दलबीर सिंह केन्द्रीय वित्त मंत्री रहने के दौरान जो अभूतपूर्व विकास कार्य अपने कार्य काल में किये हैं, शहडोल संभाग के लोगों द्वारा भुलाया नहीं जा सकता।

### विकास पुरूष थे दलबीर

श्री त्रिपाठी ने बताया कि स्व. दलबीर सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान उमरिया, अनूपपुर , शहडोल के लिए वाटर शेड मिशन, हैण्ड पम्प, स्टॉप डैम, जलाशय, धनपुरी शहडोल, अमरकंटक में पोस्ट ऑफिस भवन, शहडोल अमरकंटक में नवोदय और केन्द्रीय विद्यालय खुलवाने, बैगा और गोंड प्रोजेक्ट केन्द्र सरकार से लाकर इन जातियों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान, शहडोल में दूरदर्शन, आकाश वाणी, नावार्ड , स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक, जीवन बीमा निगम के क्षेत्रीय कार्यालय खुलवाने, अनूपपुर में करीब एक करोड़ की लागत से स्टेट बैंक भवन और बहुत से कार्य इनके द्वारा इस क्षेत्र के विकास के लिए लाये गए थे। श्री सिंह का नाम विकास पुरुष के नाम पर जाना जाता है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है।

### हर वर्ग के विकास के लिए रहे प्रयत्नशील

दलबीर सिंह ने हमेशा सिद्धांतों की राजनीति की और हर वर्ग के विकास के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे। पूर्व केन्द्रीय वित्त मंत्री स्व. दलबीर सिंह पर शुरू से ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व जवाहरलाल नेहरू का काफी प्रभाव रहा। वे गांधीवादी विचारधारा के व्यक्ति थे। स्व. श्री सिंह हमेशा ग्रामीण अंचल से जुड़े रहे और और विभिन्न योजनाएं लागू करने में विशिष्ट भूमिका निभाई। आज भी उस दौर के बुजुर्ग उनकी सादगी, ईमानदारी व उनके काम के किस्से राजेन्द्रग्राम में सुनाते नजर आते हैं।

### पुत्री ने सम्हाली विरासत

प्रदेश उपाध्यक्ष नगरीय निकाय कर्मचारी संघ एवं भाजपा कार्यकर्ता पंडित रविकरण त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व मंत्री स्व. दलबीर सिंह की पुत्री श्रीमती हिमाद्री सिंह वर्तमान में शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद है, वे निष्पक्ष, बेदाग व जनहित की राजनीति कर रही हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि श्रीमती हिमाद्री सिंह की कार्यशैली, तत्परता, अनुशासन व रचनात्मक सोच सभी को प्रभावित करती है। श्रीमती ड्कूषसह ने भारतीय जनता पार्टी के लिए हमेशा ईमानदारी से कार्य किया है और वर्तमान समय में भी पार्टी सहित संसदीय क्षेत्र के विकास के लिए सतत रूप से प्रयत्नशील हैं। राजनीतिक जीवन में सर्व समाज को साथ लेकर चलते हुए हिमाद्री ने देश की राजनीति में सादगी, ईमानदारी व समर्पण की मिसाल कायम की है। अब शहडोल लोकसभा की सांसद के रूप में भी जनकल्याण के कार्य करने में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं।





### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती कार्यक्रम संपन्न

उमरिया। डाइट उमरिया में लोकमाता पुण्य श्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य वक्ता,डॉ. बृजेश कुमार शर्मा रहे, एवं मुख्य अतिथि के रूप में रश्मि भट्ट जी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. शर्मा ने लोकमाता पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन की अनेक प्रेरणादायी घटनाओं का उल्लेख करते हुए उनकी नेतृत्व क्षमता, संघर्षशीलता तथा अदम्य साहस की सराहना की। डॉ. शर्मा ने कहा कि अहिल्याबाई न केवल एक कुशल प्रशासिका थीं, बल्कि एक ऐसी जननेता भी थीं, जिन्होंने स्त्रियों के लिए समाज में एक नया मार्ग प्रशस्त किया। डॉ. शर्मा ने अहिल्याबाई होलकर के शासनकाल की कई ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन किया। उन्होंने एक प्रसंग विशेष रूप से साझा किया, जिसमें लोकमाता के न्यायप्रिय स्वभाव और मानवीय दृष्टिकोण की मिसाल मिलती है। यह प्रसंग उनके पुत्र और एक बैल से संबंधित था, जिसके आधार पर इंदौर के एक प्रमुख चौक का नामकरण हुआ। इस घटना ने दर्शाया कि उनके लिए न्याय किसी भी रूप में पक्षपात रहित था दृ चाहे मामला उनके अपने परिवार का ही क्यों न हो।उन्होंने यह भी बताया कि लोकमाता ने देशभर में अनेकों मंदिरों, धर्मशालाओं, कुओं एवं घाटों का निर्माण कर समाज के सभी वर्गों की सेवा की। उनके द्वारा स्थापित नीतियों और योजनाओं में गरीबों, किसानों और महिलाओं के उत्थान का स्पष्ट दर्शन होता है।समारोह का समापन करते हुए आयोजकों ने उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया और सभी से लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज सेवा की भावना को जागृत रखने का आह्वान किया।

## कृषि संकल्प अभियानः ग्राम बरहाई में कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज, उमरिया।

भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन द्वारा विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत केन्द्र एवं राज्य शासन की कृषि से संबंधित प्रमुख योजनाओं तथा कृषि से संबंधित किए जा रहे नवाचारों, परंपरागत कृषि तकनीकी के साथ साथ समन्वित कृषि प्रणाली, नवीनतम तथा अधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी गांव-गांव तक किसान-किसान तक पहुंचाने हेतु विकसित कृषि संकल्प अभियान प्रांरभ किया गया है । अभियान के तहत पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत बरहाई में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्रामीणों से रूबरू चर्चा करते हुए शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने के संबंध में जानकारी प्राप्त की । कलेक्टर ने ग्रामीणों से राशन दुकान निर्धारित समय खुलने, पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलने, किसान कल्याण योजना का लाभ मिलने, आयुष्मान कार्ड , ईकेवायसी, वृध्दावस्था पेंशन मिलने, दिव्यांग पेंशन मिलने, राशन मिलने, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का लाभ मिलने, फार्मर रजिस्ट्री करवाने आदि



योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की , जिस पर ग्रामीणों ने लाभ मिलना बताया तथा ग्रामीणों के द्वारा बताई गई समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु पटवारी एवं सचिव को निर्देशित किया। कलेक्टर ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के व्दारा विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं का संचालन किया जा रहा है । उन्होने कहा कि ग्रामीण जन कल्याण योजनाओं का लाभ लेकर अपना जीवन संवारे , यदि योजनाओं का लाभ प्राप्त करनें के संबंध में किसी भी प्रकार की परेशानी आती है तो, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव की मदद लें । उन्होंने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन 12 जून तक किया जाएगा । अभियान के माध्यम से गांव गांव तक रथ के माध्यम से खरीफ पूर्व खेती की तैयारी की जानकारी प्रदाय की जा रही है । सभी किसान कृषि वैज्ञानिकों की बातों को अक्षरशः सुने तथा उनके व्दारा बताई जा रही विधि से खेती करेंगे तो निश्चित रूप से फसल अच्छी पैदावार होगी । इसी तरह खेती किसानी करनें में किसी भी तरह परेशानी हो रही है तो उसका समाधान भी कृषि वैज्ञानिकों व्दारा किया जाएगा । खेती किसानो के लिए लाभ का धंधा बन सके , इसी उददेश्य से विकसित कृषि संकल्प अभियान का संचालन किया जा रहा है ।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, एसडीएम पाली अंबिकेश प्रताप सिंह, सीईओ जनपद पंचायत पाली कन्हाई कुंवर, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

## रक्तदान कर दिया संदेश, जीवन बचाने के लिए आगे आएं युवा

उमरिया।

रक्तदान जीवन दान के उद्देश्य से दीनदयाल उपाध्याय जिला चिकित्सालय उमरिया ब्लड बैंक अधिकारी डॉ. मुकुल तिवारी के मार्गदर्शन पर युवा टीम उमरिया द्वारा बिरसिंहपुर पाली में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

ब्लड बैंक अधिकारी डॉ मुकुल तिवारी ने कहा कि लोगो द्वारा रक्त दान करने से दिल की सेहत में सुधार, दिल की बीमारियों और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। खून में आयरन की ज्यादा मात्रा दिल के दौरे के खतरे को बढ़ा सकती है। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छा है।उन्होंने बताया कि कई बार मरीजों के शरीर में खून की मात्रा इतनी कम हो जाती है कि उन्हें किसी और व्यक्ति से ब्लड लेने की आवश्यकता पड़ जाती है। ऐसी ही इमरजेंसी स्थिति में खून की आपूर्ति के लिए लोगों को रक्तदान करने के लिए आगे आना चाहिए। हिमांशु तिवारी ने कहा कि रक्तदान हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति हर तीन महीने में रक्तदान कर सकता है। रक्तदान से किसी अनजाने व्यक्ति के प्राण बचाने के पुण्य के साथ हमें आत्मिक आनंद मिलता है। रक्तदान बीमार के लिए रक्तदान जीवन की आशा है, इसलिए जीवन को वापस देने के लिए रक्त दान अवश्य करें। रक्तदान करने के लिए पुलिस व युवाओं में काफी उत्साह देखा गया। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को स्वास्थ्य विभाग ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान के दौरान जिला चिकित्सालय टेक्नीशियन लैब वीरेंद्र शर्मा, अंजलि दद्र्वंशी,ज्ञानेन्द्र , रक्तवीर हिमांशु तिवारी,खुशी सेन, पलक सिंह,अभिनव द्विवेदी,आरुष शिवहरे, देवेंद्र त्रिपाठी, राहुल गुप्ता व सभी रक्तदाता उपस्थित रहे।



## जागृति महिला समिति हसदेव क्षेत्र ने नेत्र परीक्षण तथा चश्मा वितरण लगाया कैंप

**राजनगर।** श्रद्धा महिला मंडल एस.ई.सी.एल., बिलासपुर की अध्यक्षा शशि दुहन एवं उनके सहयोगियों से प्रेरित होकर, जागृति महिला समिति के द्वारा, हसदेव क्षेत्र में समय समय पर कई सामाजिक कार्य किये जाते हैं। इसी कड़ी मे शनिवार को रामनगर तुर्रा के पास नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसके बाद 75 जरूरतमंद लोगों को नजर के चश्मे वितरित किये गए। साथ ही अन्य चिकित्सकों के द्वारा शिविर में आये हुए बुजुर्गों, वयस्कों एवं बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य का परीक्षण उपरान्त रक्त चाप तथा शुगर इत्यादि की दवाईयाँ वितरित की गयी। इस अवसर पर बच्चों को टाफी, चाकलेट का वितरण किया गया एवं सभी को भोजन कराया गया। जागृति महिला समिति, हसदेव क्षेत्र की अध्यक्षा विनीता शर्मा के द्वारा सभी को स्वास्थ्य के प्रति सजक रहने एवम् स्वास्थ के महत्व के बारे में बताया गया। इस कार्यक्रम में विनीता शर्मा के साथ पुष्पा सिन्हा, रजनी सिंह, ऊषा शर्मा, पूनम कुमार, पुष्पा नेताम, सुष्मिता मिश्रा, तृप्ति पांडेय, शांति सिंह, ज्योति कुमार, प्रगति गुप्ता, अनुराधा पांडेय, एवं निशि लाथड़ का योगदान रहा।




## विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता के लिए किया गया कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज कोतमा।

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर आकर्षण का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटिन उत्पादों पर उद्योग की रणनीति का खुलासा विषय पर मध्यप्रदेश वॉलंटरी हेल्थ एसोसिएशन एवं जीएस हितकारिणी समिति कोतमा के द्वारा ग्राम पंचायत भवन डोगरिया कला मे कार्यक्रम आयोजित किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक सरिमन साकेत कृष्ण पाल सिंह सरपंच ग्राम पंचायत डोगरिया सूखी लाल साहू सचिव के अतिथ्य में कार्यक्रम किया गया कार्यक्रम के संदर्भ में जी.एस. हितकारिणी समिति के सचिव ओंकार सिंह ने बताया कि ग्लैम राइस मार्केटिंग से बच्चे एवं युवा तंबाकू उत्पादों के प्रति आकर्षित हो रहे हैं कुछ तंबाकू उत्पाद मिठाई कैंडी और यहां तक की कार्टून चरित्रों के नकल करते हैं ऐसी चीज बच्चों को स्वाभाविक रूप से आकर्षित करती है तंबाकू उत्पादन में मिले गए पदार्थ जैसे कूलेंट्स और एडिटिट्यूब्स उत्पादों के निरंतर प्रयोग को बढ़ाने में सहायक होते हैं और तंबाकू छोड़ने की संभावना को कम कर देते हैं श्री साकेत ने बताया कि भारत में 13 से 14 लाख लोगों की मृत्यु तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों के कारण होती है सभी प्रकार के कैंसर मे एक तिहाई तंबाकू सेवन के कारण होते हैं। कृष्ण पाल सिंह ने बताया कि युवाओं को नशे की ओर रुझान ज्यादा है प्राय यह देखा जाता है कि तंबाकू व तंबाकू से बनी हुई चीजों का सेवन किया जा रहा है जो चिंता का विषय है पहले हम बड़े बुजुर्गों का सम्मान करते हुए डर और भय से की कही शिकायत घर न पहुंच जाये हमारा मन इस और नहीं जाता था अब सबको नजरअंदाज करते हुए आज के युवा जहां गुटखा चबाते हुए देखे जाते हैं कार्यक्रम के अंत मे बच्चो एवं युवाओं को तम्बाकू आपदा से बचाने के लिए सपथ दिलाई गई कार्यक्रम का संचालन मो. नजीर खान ने किया तथा आभार महेन्द्र यादव ने किया।

### अवैध हथियार रखने तथा पशु तस्करी का फरार सरगना पुलिस गिरफ्त मे

**कोतमा। 03.05.2025 को मुखबिर सूचना पर से गुरूकृपा ढ़ाबे के पास अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू के मकान से आरोपगण** मुस्तहीफ खान निवासी ग्राम उमरपुर जिला मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) तथा मोहम्मद नसीम निवासी खूथी जिला सतना के कब्जे से एक पिस्टल मय कारतूस के जप्त की गई थी जो उक्त पिस्टल लेकर पशु तस्करी को अंजाम देने जा रहे थे। उक्त मामले में आरोपीगण अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू तथा उसका भाई वाजिद खान घटना दिनांक से फरार थे साथ ही 03.05.2025 को ही उक्त आरोपियों द्वारा एक पिकअप में मवेशी भरवाकर ले जाने का प्रयास किया जा रहा था जिस पर पशु क्रूरता अधिनियम तथा म.प्र. कृषि पशु परिरक्षण अधि. के अंतर्गत अपराध पंजीबध्द किया गया था जिसमें भी आरोपी अब्दुल रहमान उर्फ बल्लू फरार था।

## विशालकाय वृक्ष से आवागमन बंद, सडक का निर्माण कार्य बाधित

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

नगर के वार्ड क्रमांक 07 देबू किराना दुकान के बगल से जाने वाली गली में 27 अप्रैल को तेज आंधी तूफान चलने के कारण आम का विशालकाय वृक्ष सतह से टूट कर गिर गया था जिसके कारण एक महिला सहित छोटे बच्चों को छोटे भी आई थी और उसके बाद रास्ता पूरी तरह से बंद हो गया था लोगों को आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर आसपास के लोगों ने नगर पालिका में शिकायत भी की लेकिन आज तक उसे पेड़ को नहीं हटवाया गया जिसके कारण अब आमजन काफी परेशान नजर आ रहे हैं।

### सडक का निर्माण कार्य बाधित

बताया जाता है कि जिस रास्ते में पेड़ गिरा है उसे रास्ते में पक्की सड़क का निर्माण कर नगर पालिका के द्वारा प्रस्तावित है । निर्माण कर का ठेका भी दिया जा चुका है आधी सड़क ठेकेदार के द्वारा बना दी गई है लेकिन जमीन मालिक के द्वारा आम रास्ते से पेड़ को नहीं हटवाया जा रहा है जिसके कारण सड़क का निर्माण कार्य अटका हुआ है ।

### होती है परेशानी

आसपास के रहवासियों ने बताया कि बीच सड़क में आम का पेड़ गिर जाने के कारण आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया है हम लोग अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों को दूसरे रास्ते से ले जाते हैं जिसके कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है । सबसे ज्यादा परेशानी रात्रि में होती है जब रात्रि के समय पैदल चलने में भी कुछ नहीं दिखाई देता है जिसके कारण कई बार बच्चों को चोट भी लग चुकी है कई बार हमारे द्वारा नगर पालिका प्रशासन को पेड़ हटाए जाने के संबंध में शिकायत भी की जा चुकी है लेकिन नगर पालिका के द्वारा ईश्वर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिस रास्ते में आम का पेड़ गिरा हुआ है उसे जमीन मालिक के द्वारा यह कहा जा रहा है कि मेरे जमीन पर पेड़ गिरा है मैं इसे नहीं हटाऊंगा जबकि आसपास जमीन मालिकों के द्वारा भूमि का विक्रय करते हुए वहां पर अब लोग मकान बनाकर निवास भी कर रहे हैं यहां तक की जिसके द्वारा अड़ंगा लगाया जा रहा है उसके जमीन पर भी लोग किराए से निवास कर रहे हैं लेकिन अडंगा लगाए जाने के कारण आम रास्ते से पेड़ नहीं हटाया जा रहा है जबकि प्रशासन को चाहिए कि यदि आम रास्ते में आवागमन बाधित हो रहा है तो ऐसे लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए आम जन को राहत प्रदान करना चाहिए ।



### बारिश मे होगी परेशानी

आसपास के रहवासियों ने बताया कि बारिश का मौसम शुरू होने वाला है जिसके कारण उन्हें आवागमन करने में परेशानी का सामना करना पड़ेगा जबकि बारिश के पूर्व सड़क का निर्माण कार्य नगर पालिका प्रशासन के द्वारा करवा दिया जाना चाहिए लेकिन अधूरी पड़ी सड़क का निर्माण कर बारिश के पूर्व नहीं होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ेगा ।

### इनका कहना है

मौके पर जाकर राजस्व अमले के साथ निरीक्षण किया जाएगा। यदि रास्ता बाधित हो रहा है तो नियमानुसार पेड़ हटवाए जाने की कार्यवाही की जाएगी क्योंकि उसे रास्ते में सड़क निर्माण कार्य प्रस्तावित है।

**प्रदीप झारिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद**

## खबर संक्षेप

### अपहृत बालिका को गुजरात से किया दस्तयाब

**कटनी।** एक अपहृत बालिका को स्लीमनाबाद पुलिस ने गुजरात से दस्तयाब किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी अभिजीत रंजन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में की गई है। थाना प्रभारी स्लीमनाबाद अखलेश दाहिया व उनकी टीम के द्वारा थाना क्षेत्र से अपहृत बालिका को गुजरात राज्य से दस्तायाब किया गया। उक्त बालिका माता पिता के डाटने से टेंशन में आकर घर से बिना बताए चली गयी थी। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उनके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने थाना स्लीमनाबाद पुलिस के कार्य की सराहना की है। कार्यवाही मे थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, सउनि. जुबेर अली, आरक्षक रोहित,लखन पटेल,महिला आर. नेहा भट्, सुनीता एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही है।

### हांका गैंग ने आवारा मवेशियों को पकड़ने की कार्यवाही



**कटनी।** नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो में आवारा मवेशी के विचरण के कारण आम नागरिकों को होनें वाली यातायात संबंधी परेशानी तथा संभावित वाहन दुर्घटना को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम की हांकां टीम के माध्यम से आवारा पशुओं को पकड़ने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान पकड़े गए आवारा मवेशियों को वाहन के माध्यम से अमतीरगंज स्थित कांजी हाउस में भेजनें का कार्य निरंतर जारी है। स्वास्थ अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि इसी तारतम्य में गतदिवस नगरपालिक की हांका टीम द्वारा जय प्रकाश वार्ड के विभिन्न मार्गो में अभियान चलाकर सार्वजनिक मार्गो में आवारा विचरण कर यातायात को बाधित कर रहे 4 नग मवेशियों को पकड़कर वाहन के माध्यम से अमीरगंज कांजी हाउस में भेजने की कार्यवाही की गई। आपने जानकारी देते हुए बताया कि आगे भी यह कार्यवाही लगातार नियमित रूप से जारी रहेगी।

### कटाई घाट में चलाया गया साफ-सफाई अभियान



**कटनी।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शहर की कटनी नदी के कटाई घाट में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जलकुंभी की सफाई अभियान प्रारम्भ करते हुए जल संरक्षण हेतु जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया और जल संरक्षण का संकल्प लिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्पों को साकार करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा लिये गये संकल्प अनुसार म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के सदस्य सचिव के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी द्वारा "जल गंगा सवर्धन अभियान" चलाया जा रहा है, जो 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जलस्त्रोतों की साफ सफाई और जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। इसी तारतम्य में म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी एवं एनजीओ ओम साई संस्था एवं विजन ने एक साथ मिलकर श्रमदान किया और कटनी नदी की साफ सफाई की। साथ ही जल स्त्रोतो को संरक्षित करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई व जल के संरक्षण के लिए सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी सुधांशु तिवारी, केमिस्ट राजेंद्र शुक्ला, सहायक यंत्री प्रतीक ज्योतिषी, भाग्यश्री सुहाने, गणेष पाठक, विजन की टीम के साथ स्मृति बर्मन, प्रत्यूषा पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

# नगर परिषद के प्रयास से साफ हुआ डिवाइडर



हरिभूमि न्यूज, ब्यौहारी

नगर परिषद के अंतर्गत नगर परिषद के पूर्व सीएम के उदासीनता के कारण नगर वासियों द्वारा कचरा डिवाइडर में फेंका जा रहा था जिससे नगर का डिवाइड टंकी की राह से लेकर रेलवे तिराहा तक पूरा गंदा हो गया था जबकि उसमें नगर परिषद की योजनाएं थी कि उसमें पौधे लगवाए जाएंगे जिससे नगर हरा-भरा देख सके लेकिन नगरवासी जानबूझकर कचरा कचरा गाड़ी में ना डालकर सीधे डिवाइडर में फेंक दिया करते थे जिससे पूरा डिवाइडर कचरो से भर गया था अब नगर परिषद द्वारा प्रतिदिन सुबह शाम कचरा गाड़ी चलाई जा रही है और डिवाइडर में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ500 जुर्माना लगाने का भी प्रावधान किया गया इसके बाद से लोगों ने कचरा फेंकना कम कर दिया नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा सफाई की गई है जिससे अब डिवाइडर साफ सुथरा दिखने लगा।

**इनका कहना है**

डिवाइडर में पौधे लगवाए जाएंगे जिससे नगर खूबसूरत दिख सके डिवाइडर में कचरा फेंकने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**शरद गौतम**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**ब्यौहारी**



# 5 एकड़ शासकीय भूमि पर किया कब्जा

ब्यौहारी

जनपद पंचायत ब्यौहारी-के अंतर्गत ग्राम झरौंसी ग्राम पंचायत रसपुर में कोलई साकेत द्वारा कुंआ बनाकर 4- 5 एकड़ शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है जिसके खिलाफ गांव के ही पुष्पेंद्र पाठक द्वारा शिकायत की गई है शिकायतकर्ता द्वारा सी एम हेल्पलाइन मे शिकायत क्रमांक 32642878/01/06/25 के माध्यम से की गई है बताया गया कि उसके पास पहले से ही जमीन फिर भी शासकीय जमीन है फिर भी शासकीय भूमि पर कब्जा कर रहा है कलेक्टर से शासकीय भूमि शीघ्र खाली कराये जाने की मांग की है ।





# महिला सशक्तिकरण पर प्रधानमंत्री का फोकस भारतीय जनता पार्टी शहडोल की जिला अध्यक्ष अमित चपरा ने किया भोपाल में प्रधानमंत्री का अभिनंदन

धनपुरी।

पुण्यश्लोका माता अहिल्यादेवी होलकर जी के 300वीं जन्मजयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में पधारे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री का शनिवार को जम्बूरी मैदान, भोपाल में भारतीय जनता पार्टी शहडोल की शुभंकर जिलाध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने प्रदेश भर से पधारी चयनित नारीशक्तियों के साथ आत्मीय अभिनंदन किया। भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्रीमती अमिता चपरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। साथ ही विकास पर भी गंभीरता पूर्वक ध्यान दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान भी प्रधानमंत्री ने देश के विकास और महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर काफी सारी बातें की।

# फाइनल ईयर छात्रों का विदाई समारोह संपन्न

ब्यौहारी



मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेता क्षमता विकास कोर्स जो की ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट से संबंध है उसके द्वारा संचालित कोर्स एमएसय डब्ल्यू फाइनल ईयर एवं बीएसडब्ल्यू फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें फर्स्ट ईयर सेकंड ईयर के स्टूडेंट्स ने फाइनल वालों को विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय सिंह प्रोफेसर पंडित राम किशोर शास्त्री कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय एवं विशिष्ट अतीत के रूप में सुनील सिंह प्रोफेसर राजनीति शास्त्र उपस्थित थे कार्यक्रम की अध्यक्षता परामर्शदाता सरस्वती चंद्र विद्या ने किया कार्यक्रम की शुरुआत में फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं ने अपने अनुभव व्यक्त किया उन्होंने कहा कि इस कोर्स के माध्यम से समाज सेवा का जज्बा हमारे अंदर पैदा हुआ जीवन में दूसरों के लिए भी कार्य करना चाहिए अपने लिए कार्य तो सब करते हैं लेकिन हमें निस्वार्थ भाव से दूसरे के लिए काम करना चाहिए वही सच्ची जनसेवा है विदाई समारोह में केक काटा गया एवं जूनियर छात्रों द्वारा अपने सीनियरों को पेन भी भेंट किया कार्यक्रम को परामर्शदाता हीरालाल साहू रामेश्वर पाल अर्पिता सिंह बैस, ज्योति पांडे द्वारा भी संबोधित किया गया कार्यक्रम का संचालन आरती चतुर्वेदी, छवि तिवारी, रंजना शुक्ला ने किया एमएसडब्ल्यू प्रथम वर्ष के छात्र शेषमणि राठौर ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में एमएसडब्ल्यू बीएस डब्ल्यू के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## नारी सम्मान और नारी उत्थान के लिए समर्पित रहा देवी अहिल्याबाई का जीवन

# जनहितैषी कार्यों की वजह से राजमाता से लोकमाता बनीं अहिल्याबाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






पुण्यश्लोका देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जन्म जयंती बस स्टैंड स्थित आडिटोरियम में शनिवार को भव्य स्वरूप में मनाई गई।इस दौरान देवी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व को प्रदर्शित करती लघु फिल्म प्रदर्शित की गई और लघु नाटिका के माध्यम से लोकमाता के जीवन प्रसंगों का प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर मौजूद रहकर विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, महापौर श्रीमती प्रीति सूरी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, कलेक्टर दिलीप कुमार यादव, वन मंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अपर कलेक्टर साधना परस्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया यहां आयोजित लोकमाता देवी अहिल्याबाई के 300वें जन्म जयंती आयोजन के साक्षी बने।

### सामाजिक कार्यों की दी जानकारी

विधायक संदीप जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि महाराष्ट्र के चौंडी (वर्तमान में अहमदनगर जिले) गांव के एक साधारण परिवार में 31 मई सन-1725 को अहिल्या बाई का जन्म हुआ था। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं के स्वावलंबन और सशक्तिकरण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये। एक तरफ उन्होंने महिलाओं की सैनिक टुकड़ी बनाकर सुरक्षा की चौकस व्यवस्था की। वहीं, दूसरी ओर महिलाओं के सामाजिक सम्मान और आत्मनिर्भरता के लिए क्रांतिकारी निर्णय लिये। उन्होंने महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, विधवा को दत्तक पुत्र लेने का अधिकार तथा विधवा पुनर्विवाह के अधिकार प्रदान किये और दहेज प्रथा पर रोक लगाने के नियम बनाये। सेना में बलिदान हुए सैनिकों की पत्नियों के लिये महेश्वर में महेश्वरी साड़ी उद्योग की स्थापना की और महिला समृद्धि का विश्व में कीर्तिमान स्थापित किया। उनके राज्य में होलकर राज्य सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का आदर्श रहा। उन्होंने महेश्वर को शिल्प, कला, संस्कृति, शिक्षा, साहित्य, उद्योग और व्यापार का केन्द्र बनाया और देशभर में विस्तारित किया। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती प्रीति सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुनीता मेहरा, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने संबोधित किया।

इस मौके पर शासकीय तिलक महाविद्यालय की प्राध्यापक डॉ माधुरी गर्ग ने अपने संबोधन में कहा कि लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर ने परिपूर्ण सुशासन व्यवस्था, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर समरस समाज, सुरक्षित समृद्ध राज्य का एक आदर्श प्रस्तुत किया है। उन्होंने पूरब से पश्चिम तक और उत्तर से दक्षिण तक लगभग 130 विखंडित मंदिरों का जीर्णोद्धार तथा पुनर्निर्माण किया। नदियों पर घाट, धर्मशालाएं बनवाईं, अन्न सत्र प्रारंभ किये और पूजा-पाठ की स्थाई व्यवस्था की। देशभर में सांस्कृतिक गौरव की पुनर्प्रतिष्ठा की और देश को एक सूत्र में पिरोया। उनका शासनकाल, स्वर्ण काल होने के साथ राष्ट्र के सांस्कृतिक अभ्युदय का समय रहा है।महारानी अहिल्याबाई का जीवन नारी सम्मान, नारी उत्थान और उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए समर्पित था।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत, वन मंडल अधिकारी गौरव शर्मा, अतिरिक्त कलेक्टर साधना परस्ते द्वारा मां सरस्वती एवं लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के तेलचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

कार्यक्रम के दौरान शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्रा अर्शिया गेलानी एवं नित्या दुबे द्वारा नृत्य नाटिका की शानदार मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं शासकीय तिलक महाविद्यालय की डॉ माधुरी गर्ग द्वारा लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन वृत्तान्त पर प्रकाश डाला गया। जबकि गीतांजलि संगीत महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गई। शासकीय सीनियर सेकंडरी कन्या छात्रावास बारहवां के 8 विद्यार्थियों द्वारा समूह प्रस्तुति दी गई। छात्रा प्रज्ञा मिश्रा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय माधवनगर द्वारा 2 मिनट का भाषण दिया गया।

### प्रशस्ति पत्र से किया सम्मान

कार्यक्रम के दौरान रूपा साहू, अनामिका खम्परिया, वन स्टॉप सेंटर तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सविता पांडे और गायत्री पाण्डेय को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हाई स्कूल और हायर सेकंडरी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में स्थान अर्जित करने वाली छात्राओं को सम्मान पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ चित्रा प्रभात द्वारा किया गया।

इस मौके पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप कुमार मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता, पूर्व नगर निगम अध्यक्ष सत्य नारायण अग्रहरी, सुरेश सोनी, मेयर इन काउंसिल सदस्य, सुरेंद्र गुप्ता, सुभाष साहू, बीना बनर्जी पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी शैलेश गुप्ता,मानव जीवन विकास समिति के सचिव एवं पर्यावरणविद् निर्भय सिंह सहित जिला प्रशासन एवं नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

**जगह जगह आरती उतारकर मुनि संघ की हुई अगवानी**

# धूमधाम से मनाया गया श्रुतपंचमी महोत्सव, निकाली गई शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आचार्य विद्यासागर महाराज एवं नवाचार समय सागर महाराज के परम प्रभावक शिष्य निर्यापक मुनि प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि संघ के पावन सानिध्य में पार्श्वनाथ दिग. जैन बडे मंदिर में श्रुतपंचमी महोत्सव बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः अभिषेक,जिनवाणी पूजन एवं जिनवाणी सरस्वती अनावरण एवं मुनि संघ के मांगलिक प्रवचन के पश्चात माँ जिनवाणी की विशाल शोभायात्रा महावीर कीर्ति स्तंभ से प्रारंभ होकर घंटाघर गर्ग चौराहा, नईबस्ती,भगवती चौराहा, हीरागंज, गोलबाजार,मेन रोड़ सुभाष चौक, कपड़ा बाजार से होते हुये बड़े मंदिर जी में समाप्त हुई। जगह-जगह रांगोली सजाकर,आरती उतारकर मुनिसंघ का पादप्रक्षलन कर आगवानी की गई इस अवसर पर मुनि ने चर्चा करते हुये बतलाया कि श्रुत पंचमी जैन समाज का महापर्व है आज से लगभग 2 वर्ष पूर्व वीर निर्वाण सम्वंत 614 में आचार्य धरसेन जो कि गिरनार पर्वत की चन्द्र गुफा में रहते थे उन्होने ने श्रुत की रक्षार्थ पुष्पदत्त एवं भूतवली नामक विशेष ज्ञान के धारक युवा मुनिराजों को बुलाया तथा उनके माध्यम से षट खंडागम शास्त्र की रचना पूर्ण की मुनिश्री ने आगे कहा कि इस दिन से श्रुत पंरम्परा को लिपिबद्ध परंपरा के रूप में प्रारंभ किया गया था इसलिए यह दिवस श्रुत पंचमी के नाम से जाना जाता है

यात्रा में पंचायत अध्यक्ष संजय जैन, विन्नी जैन, अजीत सिंघई शरद सरावगी, राहुल जैन, मनीष जैन, अरविन्द्र जैन, लम्पू जैन, सोनू जैन, पंचम जैन के साथ दिग. जैन पंचायत महासभा अखिल भारतवर्षीय दिग.जैन महिला परिषद्, श्री 1008 शांतिसागर रात्रि कालीन पाठशाल,गुरूभक्ति मण्डल, जैन सोशल गुरप के पदाधिकारी एवं सम्मनित सदस्य शामिल हुये।

## तंबाखू के बताए दुष्परिणाम, सेवन नहीं करने किया प्रेरित



विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर बड़वारा पुलिस ने शासकीय उत्कृष्ट स्कूल बड़वारा में जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान में बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए उन्हें तंबाकू का सेवन न करने की शपथ भी दिलाई गई। बड़वारा थाना प्रभारी केके पटेल ने बातचीत करते हुए कहा कि युवा वर्ग में तंबाकू की लत तेजी से बढ़ रही है। जिसके कारण युवा पीढ़ी बीमारियों से ग्रसित हो रही है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देश पर विश्व तंबाकू निषेध दिवस के उपलक्ष में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान खेल मैदान में बच्चों के लिए विभिन्न शारीरिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। बच्चों को तंबाकू के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए खो खो दौड़ जैसी प्रतियोगिताएं कराई गई। उन्हें न तो तंबाकू का सेवन करने और अपने नाते रिश्तेदारों एवं मित्रों को भी तंबाकू के सेवन से दूर रखने की समझाइश दी गई।

# अवैध रेत माफिया पूरी रात नदियों का कर रहे चीरहरण

## रात के अंधेरे में नदियों से अवैध उत्खनन का गिरोह सक्रिय, खनिज विभाग की चुप्पी

**वर्षो से जिले मे पदस्थ खनिज अधिकारी व इंस्पेक्टर के सह पर हो रहा उत्खनन**

**लिफाफे के फेर मे कलेक्टर के निर्देश के बावजूद खनिज विभाग का मौन व्रत**







जिले में खनिज माफिया द्वारा सोन, तिपान, केवई, गोडारू, बकान, चंदास, अलान सहित अन्य नदियों से रोजाना रात के समय रेत का अवैध उत्खनन कर डंफर वा ट्रैक्टर ट्राली के माध्यम से परिवहन किया जा रहा है। जिले भर में हो रही रेत की चोरी पर खनिज विभाग पूरी तरह से मौन है। जिसके चलते खनिज माफिया सक्रिय होकर अपना गिरोह बनाकर बेधडक रेत चोरी की घटना को अंजाम दे रहे है, जबकि रेत के अवैध उत्खनन समेत परिवहन पर कलेक्टर ने सख्त कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन से जहां शासन को राजस्व क्षति उठानी पड़ रही है वही वर्षो से जिले मे पदस्थ खनिज अधिकारी व खनिज इंस्पेक्टर जो कि महिलाएं हैं जिन्हे रात मे अवैध उत्खनन देखने व जाने की हिमायत नही दिखा पाते, जिसके कारण पूरी रात जिले के रेत माफिया नदियों का चीरहरण कर रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

अब तो लोगों ने जिले के प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार को पत्र देकर यह तक मांग की है कि जिले मे कई वर्षों से पदस्थ जिला खनिज अधिकारी व इंस्पेक्टर जो अनूपपुर जिले को चारागाह समझते हैं उनका तत्काल इस जिले से बाहर स्थानांतरण किया जाये।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अवैध घाट जिनमें सीतापुर घाट, हर्री घाट, भगतबांध के पास, केल्हौरी घाट, भगतबांध का धनपुरिहा घाट, धिरौल, सहित मानपुर घाट, कन्या शिक्षा परिसर के पास स्थित कचरा घाट, जेल बिल्डिंग के आगे चिल्हारी घाट सहित अन्य घाटों व क्षेत्रों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में रेत चोरी की जा रही है, लेकिन खनिज विभाग अवैध रेत चोरी करने वालो पर लगाम कस पाने में अपनी असमर्थता व्यक्त करते नजर आ रहा है। मानपुर घाट मे तो बाकायदा पोकलेन से दिन के उजाले मे ही अवैध उत्खनन को अंजाम दिया जा रहा है, लेकिन खनिज विभाग के कान मे जूं तक नही रेंग रही है।

### संकट में नदियों का अस्तित्व

जिले की जीवनदायनी कही जाने वाले आधा दर्जन प्रमुख नदियों का अस्तित्व संकट में है, जहां रेत चोरी करने वाले गिरोह अवैध तरीके से घाट बनाकर सूरज ढलते ही अपने-अपने वाहन को नदियों में उतार कर रेत का अवैध उत्खनन करते आसानी से देखे जा सकते है, लेकिन इन गिरोह को ना तो पुलिस का भय है और ना ही खनिज विभाग का डर है। जिनके द्वारा चोरी के रेत लोड कर सड़को में वाहन फर्राटा मारते नजर आ जाते है, लेकिन इन रेत लोड़ वाहनों की जांच करने जिला प्रशासन वा पुलिस विभाग के किसी भी अधिकारी द्वारा जहमत नही उठाई जा रही है। जिसके कारण रेत के अवैध उत्खनन पर अंकुश नही लग पा रहा है।

### कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टरों का दुरूपयोग

जिले भर मे कृषि कार्य के नाम पर परिवहन विभाग में ट्रैक्टर ट्रॉली पंजीकृत कर उनका उपयोग व्यावसायिक रूप से अवैध रेत के परिवहन में उपयोग करते नजर आ रहे हैं। जबकि नियमानुसार परिवहन विभाग में ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली को कमर्शियल पंजीकृत करने पर ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली की कीमत का 10 प्रतिशत टैक्स शासन को जमा करना अनिवार्य होता है, लेकिन अधिकतर ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली के मालिक द्वारा टैक्स बचाने के चक्कर में वाहन को कृषि कार्य हेतु पंजीकृत कराए हुए है। जानकारी के अनुसार परिवहन कार्यालय अनूपपुर में एक भी ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली का पंजीयन कमर्शियल रूप में नही हुआ है। कृषि कार्य हेतु पंजीकृत ट्रैक्टर इंजन वा ट्रॉली का रेत चोरी करने में किया जा रहा है।

### कलेक्टर के निर्देश को बता रहे धता

28 मई को कलेक्टर हर्षल पंचोली ने बकही सोन नदी क्षेत्र का निरीक्षण कर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने खनिज एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दोनों विभाग मिलकर संयुक्त अभियान चलाएं और अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त व्यक्तियों और वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कहा कि जिले में रेत के अवैध उत्खनन को रोकना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे सभी हॉटस्पॉट चिन्हित किए जाएं जहां से सबसे अधिक रेत का अवैध परिवहन होता है। इन स्थलों पर चेक पोस्ट स्थापित कर प्रभावी निगरानी की जाए। कलेक्टर ने यह भी निर्देश दिए कि अवैध उत्खनन की घटनाओं की निगरानी गूगल लोकेशन एवं जीपीएस तकनीक के माध्यम से की जाए। उन्होंने कहा कि जहां भी अवैध रेत परिवहन के प्रमाण मिलते हैं, उन वाहनों को जब्त कर उनके विरुद्ध कुर्की एवं आर्थिक दंड की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्यवाही केवल खनिज विभाग तक सीमित न रहकर राजस्व विभाग के सहयोग से की जाए, जिससे अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाया जा सके। साथ ही खदानों एवं नदियों के पास नाके स्थापित किए जाएं और वाहनों की नियमित जांच हो, लेकिन इसके बाद भी रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन बेरोकटोक जारी है।

### रेत माफिया और ठेकेदार के बीच कई बार हो चुका है खूनी संघर्ष

रेत माफिया और ठेकेदार के बीच खूनी संघर्ष के कुछ दिनों पूर्व नीरज पेट्रोल पंप जैतहरी में 12 मई की रात लगभग 10 बजे रेत खदान कंपनी एसोसियेटेड कॉपर्स जैतहरी के जाने का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया था। पेट्रोल पंप के सीसीटीवी में कैद मारपीट के ताडंव का वीडियो के सोशल मीडिया में वॉयरल होते ही पुलिस सकते में आई और दूसरे दिन कई लोगों के खिलाफ मामूली धाराओं 191 (2), 296, 115 (2), 351 (2), 190, 324 (4) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर उन्हे गिरफ्तार किया गया वही दूसरी ओर रेत ठेकेदार पक्ष पर मामला दर्ज कराया था। फरियादी की रिपोर्ट पर अपराध धारा 191(2), 190, 296, 333,115(2), 351(2), 324(4), 326 (छ), बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। इसी तरह कई बार रेत माफिया और ठेकेदार के बीच खूनी संघर्ष की घटना हो चुकी है।

# हाइवे पर आवारा मवेशियों के जमघट से वाहन चालक परेशान

## राहगीर कई बार हो चुके चोटिल, कठोर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज कोतमा।

राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 43 में बीच सड़कों पर आवारा चौपायों के विचारण करने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। अनूपपुर से लेकर जिले के अंतिम छोर डोला रामनगर तक यह आवारा चौपाये बीच सड़कों पर ही डेरा जमाये बैठे रहते हैं। इलाके में चराई के क्षेत्र ज्यादातर पशु पालक सिर्फ दुधारू पशुओं का ही ख्याल रखते हैं। दूध देना बंद होते ही पशुओं को खुला छोड़ दिया जाता है। नगर में सैकड़ों आवारा मवेशियों के झुंड दिन रात सड़क पर घूमते दिखाई देते हैं। नपा प्रशासन भी आवारा मवेशियों की रोकथाम में चाहकर भी कुछ नही कर पा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 मे सड़क पर आवारा मवेशियों के कारण आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे हैं। हाईवे पर पसला फुनगा पयारी बदरा बंशी टोला कोतमा पैरीचुआ बेलिया छोट झिरिया टोला डोला में बीच सड़क पर आवारा मवेशी आराम फरमाते हैं और भूख लगने पर दुकानों और घरों पर मुंह मारते हैं। पयारी बस स्टैंड से लेकर बंशी टोला बदरा तक 100 से अधिक मवेशी खुले छोड़ रखे हैं। यही हाल कोतमा नगर का भी है। मेन रोड पर फल व सब्जियों के ठेले, होटलों के आसपास इधर-उधर मुंह मारते मवेशियों के झुंड लोगों के लिए परेशानी की वजह बन रहे हैं। दिन रात राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 में खुले घूमते गाय, बैल, सुअर जैसे आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों का निकलना खतरे से खाली नहीं है। सड़क पर सांडों के बीच लड़ाई और पशुओं की धमाचौकड़ी से कई बार लोग जख्मी हो जाते हैं।

### नए सिरे से नियम तैयार किये जाने की जरूरत

इन दिनों हाइवे पर आवारा पशुओं की समस्या से वाहन चालक प्रभावित है। लेकिन जिम्मेदारों ने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। आवारा जानवरों की वजह से राजमार्ग पर हादसों मे आये दिन बढ़ोतरी हो रही है। साथ ही आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा भी हो रहा है।



राजमार्ग पर आवारा पशुओं व जंगली जानवरों की वजह से आये दिन हादसे हो रहे हैं। हादसों में कमी लाने के लिए राजमार्ग के लिए नए सिरे से सड़क परिवहन विभाग को नियम तैयार किया जाना चाहिए। भोजन की तलाश में भटकते इन बेजुबान को इस बात का अंदाजा नहीं हो पाता कि खुद वे भी हादसे का शिकार हो सकते हैं। यही कारण है कि आए दिन कोई न कोई आवारा चौपाये हादसे का शिकार हो ही जाते हैं। प्रशासन के पास भी इन पशुओं की व्यवस्था करने का कोई विकल्प नहीं है। राजमार्ग पर होने वाले हादसों की बड़ी वजह आवारा पशुओं और जंगली जानवरों को माना गया है। पूर्व में जिला कलेक्टर के द्वारा एक आदेश जारी किया गया था और राष्ट्रीय राजमार्ग की सड़कों पर आवारा मवेशियों के विचरण करने के कारण हो रहे हादसों में कमी लाने के लिए अधिकारियों के साथ ही ग्राम पंचायत को निर्देश जारी किए गए थे कि जो भी जानवर हाईवे पर विचरण कर रहे हैं उन्हें पड़कर गौशाला भेजने की व्यवस्था की जाए कुछ दिनों तक निर्देश पर अमल जरूर हुआ लेकिन उसके बाद फिर वैसा ही हो गया जिसके कारण हाईवे पर आवारा मवेशियों का जमघाट दिन-रात लगा रहता है।

## आठ दिनों से अनूपपुर, जैतहरी इलाके में विचरण कर पहुंचा रहे नुकसान

# कुसुमहाई के जंगल पहुंचे चार हाथी

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।



चार हाथियों का समूह विगत 8 दिनों से अनूपपुर जिले के जैतहरी एवं अनूपपुर इलाके में विचरण करते हुए शनिवार एवं रविवार की मध्य रात गोबरी,पगना से जैतहरी नगर के बीचों-बीच विचरण करते हुए रविवार की सुबह कुसुमहाई के जंगल में एक बार फिर पहुंच कर विश्राम कर रहे हैं,हाथियों के निरंतर विचरण के कारण ग्रामीण परेशान है वही वनविभाग का मैदानी अमला हाथियों के विचरण पर नजर रखते हुए आम जनों को सतर्क एवं सचेत रहने की अपील की है। चार हाथियों को समूह 25 मई की रात छत्तीसगढ़ राज्य के मरवाही इलाके से अनूपपुर जिले के जैतहरी इलाके में एक बार फिर से प्रवेश कर विगत 8 दिनों से निरंतर जैतहरी एवं अनूपपुर के वन परिक्षेत्र,तहसील एवं थाना क्षेत्र में विचरण कर रहे हैं जो दिन के समय जंगलों में ठहरकर देर शाम एवं रात होने पर ग्रामीण अंचलों में प्रवेश कर किसानों के खेतों,बांडियो में लगी फसलों को अपना आहार बनाया है शनिवार की सुबह चारों हाथी अनूपपुर वन परिक्षेत्र के दुधमनिया बीट अंतर्गत शक्तिकुंडी के जंगल से बड़वार नाला पार कर सुबह होने पर वन परिक्षेत्र,थाना एवं तहसील जैतहरी के वन बीट एवं ग्राम पंचायत गोबरी के ठाकुरबाबा के पास स्थित जंगल में ठहरने बाद शाम को ठाकुरबाबा के पास सुखीलाल राठौर की बांड़ी में आने पर ग्रामीणों के हो-हल्ला करने पर फिर से जंगल जाकर ठेंगरहा से पगना गांव में जल्दाटोला में नरेश सिंह के खेत में लगी गर्मी वाले धान को खाते हुए तिपान नदी के समीप स्थित बेलिया गांव में बहादुर पिता मोहनलाल कोल के घर की बाउंड्री वॉल को तोड़ते हुए रेलवे लाईन के किनारे किनारे नगर परिषद जैतहरी में बीच शहर से गुजरते हुए रेलवे लाईन एवं अनूपपुर-जैतहरी-वेंकटनगर मुख्य मार्ग को पार कर मुर्रा गांव से टकहुली के भर्राटोला होते हुए रविवार की सुबह धनगवां बीट अंतर्गत ग्राम पंचायत क्योटार के कुशुमहाई गांव से लगे जंगल में एक वार फिर से पहुंचकर ठहरे हुए हैं। हाथियों के निरंतर विचरण से हाथियों के द्वारा किए जा रहे नुकसान के कारण ग्रामीण जन परेशान है जो हाथियों के गांव में पहुंचने की स्थिति में रात-रात भर जाग कर अपनी एवं अपने परिवार के साथ अपनी सम्पत्ति की सुरक्षा कर रहे हैं वही वनविभाग का गस्ती दल हाथियों के विचरण पर निरंतर नजर रखते हुए हाथियों एवं ग्रामीणों की जान-माल की सुरक्षा को देखते हुए निगरानी कर रहा है।

# निर्माण से पहले ही भुगतान ने खोली भ्रष्टाचार की पोल, जनपद सीईओ और एसडीओ की चुप्पी से सवालों की बाढ़

हरिभूमि न्यूज जमुना/बदरा।



ग्राम पंचायत पयारी क्रमांक 1 में सरकारी योजनाओं को लूट की योजना बना दिया गया है। यहां ऐसा कोई कोना नहीं बचा जहां सरकारी पैसे की लूट की छींटें न पड़ी हों, और ज़मीन पर विकास की एक ईंट भी ढंग से न रखी गई है। हालात ऐसे हैं कि निर्माण कार्य शुरू होने से पहले ही उसका भुगतान हो चुका है और योजनाओं को पूरा दिखाकर फाइलों में स्वच्छता और विकास का नकली चेहरा रच दिया गया है। स्वच्छ भारत मिशन और ग्रामीण आजीविका मिशन के नाम पर यहां सेग्रीगेशन कार्यशेड का निर्माण होना था। सरकारी दस्तावेजों में इसके लिए 4.5 लाख की स्वीकृति दी गई थी, लेकिन सच्चाई यह है कि 3.86 लाख से ज़्यादा की राशि पहले ही निकाल ली गई है, जबकि मौके पर एक अधूरी दीवार तक ही निर्माण सीमित है। न छत है, न शेड की संरचना, और न ही मज़दूरों की कोई गतिविधि, फिर भी लेबर पेमेंट तक जारी हो चुका है। कुल मजदूरी भुगतान 53000 रुपए से लगभग 40000 रुपए निकाल लिए गए मतलब कार्य 10 से 12 % हुआ है पेमेंट लगभग पूरी करा दी गई 386000 रुपए सबसे गंभीर और चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ जब बिलों में 91,772 की GI और एल्यूमिनियम शीट और 8,080 की बिटुमेन वॉशर की खरीद दर्शाई गई। लेकिन यह सामग्री न कहीं उपयोग में दिखाई देती है, न ही उसके कोई प्रमाण मौजूद हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि इस महंगी सामग्री को निजी निर्माण में लगाया गया है, शायद किसी अधिकारी के घर की छत पर, यह महज अनुमान नहीं, बल्कि एक सशक्त आरोप है, जो पंचायत की गलियों में अब खुलकर गूंज रहा है। नेहा सिंह की भूमिका इस पूरे घोटाले में सबसे प्रमुख है। उन पर आरोप है कि उन्होंने किसी भी स्थल पर जाकर निरीक्षण नहीं किया, लेकिन फर्जी मूल्यांकन रिपोर्ट तैयार कर दी। जिन कागजों में काम 'पूर्ण' दर्शाया गया, वे ही अब भ्रष्टाचार की असली स्क्रिप्ट बन चुके हैं। पंचायत की जनता अब यह सवाल पूछ रही है कि क्या योजनाएं सिर्फ कागजों पर बननी थीं? क्या जमीनी सच्चाई की कोई कीमत नहीं। लेकिन इससे भी बड़ा सवाल अब जनपद पंचायत के सीईओ और एसडीओ पर उठ रहा है। जब इतनी बड़ी राशि बिना निर्माण कार्य के निकाल ली गई, तो क्या इन अधिकारियों ने आंखें मूंद रखी थीं? या फिर इस पूरे गोरखधंधे में उनकी भूमिका भी संदिग्ध है? पंचायत की गलियों में यह भी कहा जा रहा है कि जब-जब शिकायतें की गईं, तब-तब इन अधिकारियों ने "जांच होगी" का झुनझुना पकड़ा दिया, लेकिन कार्रवाई के नाम पर आज तक शून्य है। यही नहीं, नेहा सिंह पहले भी इसी पंचायत में फर्जी निर्माण का खेल खेल चुकी हैं। वर्ष 2020–21 में मनरेगा योजना के तहत अलग-अलग स्थानों पर शौकपिट निर्माण की योजना बनी, जिसमें रामकृष्ण मंदिर के पास, संतोष महरा (टेड़गी टोला), पंचायत भवन के पास और कन्या शाला के पास निर्माण कार्य किया गया था खास बात यह है कि कन्या शाला के पास पहले से ही 23,000 की लागत से SBM योजना के तहत पक्का सोकपिट मौजूद था। इसके बावजूद वहां फिर 25,000 की लागत से नया शौकपिट में' बना दिया गया एक जगह कुल 3 शोक पीट, एक मनरेगा का, एक स्वच्छ भारत मिशन का और एक 15 वित्त आयोग का। मतलब जब बना है बार बार बनाने की किया जरूरत यह भ्रष्टाचार करने के लिए किया गया है यह सब तब हुआ जब नेहा सिंह ने स्थल निरीक्षण कर यह रिपोर्ट दर्ज की कि वहां पहले कोई निर्माण नहीं हुआ था और चार जगह 100000 रुपए धन दुरुपयोग किया गया जहां पहले बना था शोक पिट वह पुनः बना दिया गया यानी पहले से बने निर्माण को 'अदृश्य' कर दिखाकर फिर से पैसा निकालने ले गई यह काम सामान्य लापरवाही नहीं बल्कि सुनियोजित भ्रष्टाचार की मिसाल है। आज ग्रामवासी आक्रोश में हैं। उनका कहना है कि यदि पंचायत स्तर पर ही इस तरह खुला लूटतंत्र चल रहा है, तो बड़े अधिकारियों की क्या भूमिका होगी, अंदाजा लगाया जा सकता है। लोग खुलकर कह रहे हैं कि नेहा सिंह और उनके सहयोगियों ने सरकारी पैसों को अपनी जागीर समझ रखा है और जिन जिम्मेदार अधिकारियों की ज़िम्मेदारी थी रोकथाम करने की, उन्होंने या तो जानबूझकर मुंह फेर लिया या फिर चुपचाप हिस्सेदारी निभाई। ग्रामीणों की मांग है कि इस मामले की तत्काल उच्चस्तरीय जांच हो, नेहा सिंह को तत्काल निलंबित किया जाए, और जनपद सीईओ व एसडीओ की भूमिका की स्वतंत्र जांच कराई जाए। इसके साथ ही, सभी निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन कर फर्जी भुगतान की वसूली की जाए। यह सिर्फ एक पंचायत की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे सिस्टम की सड़ांध की निशानी है। जब तक ऐसे मामलों पर सख्त कार्रवाई नहीं होती, तब तक योजनाएं केवल कागजों पर ही पूरी होती रहेंगी और भ्रष्टाचार की फसल प्रशासन की चुप्पी में फलती-फूलती रहेगी।

## खबर संक्षेप

### नपं अध्यक्ष ने हरी झंडी दिखाकर पर्यावरण जनजागरूकता रैली का किया शुभारंभ



**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह जी नर्मदा मंदिर प्रांगण से हरी झंडी दिखाकर पर्यावरण जनजागरूकता रैली का शुभारंभ किया गया। रैली नर्मदा मंदिर के मुख्य प्रांगण से नगर भ्रमण करते हुए पुष्कर डैम के पास समापन किया गया। तत्पश्चात जल गंगा संवर्धन मिशन के तहत नर्मदा नदी की साफ सफाई की गई एवं वृक्षारोपण का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अधिकारी शिव प्रसाद धुर्वे, वन विद्यालय अमरकंटक के रेंजर के पी प्रजापति, सहायक अनुदेशक, दशरथ प्रजापति, भारत, सहायक निदेशक प्रदीप कुमार सोनी एवं वनरक्षक प्रशिक्षण केंद्र के बच्चे प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से बी एम पटेल, कनिष्ठ वैज्ञानिक, विजय शंकर पाठक, कामता प्रसाद, सुभाष कुमार निगम, बालेंद्र सिंह नगर पालिका एवं नगर पालिका परिषद अमरकंटक के आम नागरिक पत्रकार बंधु, सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे। अमरकंटक में पॉलिथीन छापामार कार्रवाई भी की गई। दुकानदारों को अमानक प्रकार की पॉलिथीन ना रखने हेतु समझाइस भी दी गई।

### श्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक में अखंड रामचरित मानस का पाठ संपन्न



**अमरकंटक।** श्री मार्कंडेय आश्रम अमरकंटक में आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्म ऋषि रामकृष्णा नंद जी महाराज के आशीर्वाद से मुख्य यजमान गिरिजा शंकर तिवारी सपत्नीक (भोपाल) के द्वारा आयोजित किया गया जिसमें अमरकंटक नगर के विद्वान पंडितों के द्वारा अखंड रामचरितमानस का पाठ संपन्न हुआ आचार्य महामंडलेश्वर ब्रह्मऋषि स्वामी रामकृष्णा नंद जी महाराज ने बताया कि सनातन धर्म में सबके आराध्य भगवान हैं। श्री राम सम्पुण जीवन का सारांश है श्री राम चरित मानस प्रत्येक सनातनीओं को रामायण का अनुसरण करना चाहिए जिसमें संपुर्ण पाठ पंडित धनेश पाठक पंडित सुरेश प्रसाद मिश्रा पंडित अमरनाथ उपाध्याय पंडित राम नरेश शास्त्री किया गया तत्पश्चात विशेष हवन व भंडारे के साथ संपन्न किया गया।

### एपीसी वित्त श्री चतुर्वेदी के सेवानिवृत्ति पर आयोजित किया सम्मान समारोह



**अनूपपुर।** जिला शिक्षा केंद्र अनूपपुर के सहायक परियोजना समन्वयक वित्त एच के चतुर्वेदी शासकीय अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर शासकीय सेवा से सेवानिवृत हो गए। इस अवसर पर विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों ने विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया। जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा ने इस अवसर पर कहा की शासकीय प्रक्रिया में सेवानिवृत्ति एक पड़ाव है। सेवानिवृत्त सभी शासकीय सेवकों को होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि शासकीय दायित्व से निवृत होकर श्री चतुर्वेदी को अपने परिवार और समाज कल्याण की दिशा में समय प्राप्त होगा जिसका उन्हें बेहतर सद्पयोग करना चाहिए।

### प्रताड़ना से तंग होकर नाबालिग ने जहर खाकर दे दी जान



**अनूपपुर।** 14 वर्षीय नाबालिग बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मृत्यु के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस ने महज कुछ ही घंटों में इस संवेदनशील मामले की गुत्थी सुलझाकर दो आरोपियों नाबालिग किशोर और उसकी माँ को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते जिसमें भौतिक साक्ष्यों, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और मोबाइल कॉल डिटेल्स के आधार पर पुलिस ने पाया कि 30 मई को आरोपी किशोर ने बालिका को घर में अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकत की तथा इस घटना के बाद आरोपी बालक की माँ ने बालिका को अपशब्द कहते हुए थप्पड़ मारा और धमकी दी।

श्री गुजरात ग्रेनाईट एण्ड टाईल्स
॥ श्री गणेशाय नमः॥
CERA
फुटकर एवं थोक विक्रेता
ग्रेनाईट शेरा ब्राण्ड उत्तम क्वालिटी कम दामों में उपलब्ध
पता - तहसील कार्यालय के पास, जैतहरी रोड, अनूपपुर
संपर्क करें - 7742294629, 7440984719